अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल



अध्यक्षीय कार्यालय :
SARITA DAGA
45-46, Gem Enclave, Pradhan Marg,
Malviya Nagar,Jaipur-302017
Mob.: 9413339841
Email: president@abtmm.org


# नारीलोक


अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल का मासिक मुखपत्र

जुलाई, 2025 अंक 324


## अध्यक्षीय आह्वान

प्रिय बहिनों,

सादर जय जिनेन्द्र!

हम सौभाग्यशाली है कि हमें तेरापंथ धर्मसंघ मिला है। तेरापंथ धर्मसंघ एक मर्यादित, अनुशासित एवं व्यवस्थित धर्मसंघ है। हमें इस संघ का सदस्य होने का गौरव है। संघ के अधिदेवता आचार्य भिक्षु ने मर्यादा की नींव पर इस संघ को प्रतिष्ठित किया। संघ की मौलिकता के लिए उन्होंने तीन आधार बिन्दु दिए- एक आचार, एक विचार और एक आचार्य। आचार्य भिक्षु ने मर्यादा का बोध पाठ देकर पूरे संघ को निश्चिंत कर दिया। गुरुदेव तुलसी के शब्दों में 'आज हमारा धर्मसंघ जो एक विलक्षण, शालीन और प्रगतिशील धर्मसंघ प्रतीत हो रहा है, उसमें एकमात्र आचार्य भिक्षु का व्यक्तित्व और कर्तृत्व ही झांक रहा है। उन्होंने मर्यादाओं की जो रेखाएं खींची वे युग-युग तक संघ को सुरक्षा प्रदान करती रहेंगी, ऐसा मेरा विश्वास है।' उन्हीं आचार्य भिक्षु के जन्म का यह त्रिशताब्दी वर्ष है। त्रिशताब्दी वर्ष का यह अवसर हम सबको मर्यादा और अनुशासन के दायित्व बोध को जीवन में उतारने का अनमोल अवसर प्रदान कर रहा है। संघ के वर्तमान अनुशास्ता आचार्यश्री महाश्रमणजी के पावन यशस्वी नेतृत्व में हमें विकास पथ पर सतत् गतिशील रहने का पाथेय भी मिल रहा है।

बहिनों! अभी सभी शाखा मंडलों में नए नेतृत्व का मनोनयन हो रहा है। यह समय जहाँ एक तरफ अपने कर्तृत्व बोध से कुशल दायित्व निर्वहन करने वाली बहिनों के मूल्यांकन का अवसर है वहीं दूसरी तरफ नए नेतृत्व के लिए दायित्व की कसौटी पर खरा उतरने हेतु चरणन्यास का समय है। मंडल से जुड़ी हुई प्रत्येक बहिन या ये कहूँ कि तेरापंथ धर्मसंघ का हर सदस्य अपने जीवन में मर्यादा और अनुशासन को ध्येय सूत्र बनाकर अपनाएं तो यह आचार्य भिक्षु के प्रति हमारा समर्पण और सच्ची श्रद्धांजलि भी होगी। आचार्य प्रवर का दिशा निर्देश हम सबके लिए संजीवनी बनकर हमारे साथ है। आचार्य भिक्षु के इस त्रिशताब्दी वर्ष पर संघ शास्ता ने एक विशिष्ठ गीतिका 'भिक्षु म्हारे प्रकट्या जी भरत खेतर म' को सलक्ष्य कंठस्थ करने के लिए प्रेरणा प्रदान की है। हम सब इस गीतिका को कंठस्थ करने का अवश्य लक्ष्य बनाएं। हमारी कन्याएं भी बौद्धिक, स्वावलम्बी और अपने कार्यों में पारंगत है उनसे भी मेरा अनुरोध है कि वे भी अपने जीवन में आध्यात्मिक प्रवृत्तियों से जुड़ी रहकर अपने कर्तृत्व को उजागर करती रहे।

बहिनों! इसी जुलाई माह में चातुर्मास का शुभारंभ भी हो रहा है। चातुर्मास का समय हमें आत्मावलोकन का भी अवसर देता है। चारित्रात्माओं के पावन सान्निध्य में संयम, तप, ज्ञानाराधना का अधिकाधिक लाभ लें और नए संकल्पों के साथ स्वयं के जीवन को आलोकित करने का प्रयास करें। श्रावण और भाद्रव माह में मानसून की बरसात से प्रकृति मुस्कराती है और हमें सुकुन प्रदान करती है ठीक उसी प्रकार पावस काल में हम आध्यात्मिक मानसून से लाभान्वित होकर स्वयं की आत्मा को भी मुस्कुराने का अवसर दे। हम मन, वचन और काया के पवित्र आचरण से स्वयं की आत्मा को भावित करते हुए प्राणी मात्र के लिए परम हितैषी बनें। हमारा प्रत्येक कार्य अनुकरणीय बने। संस्कारों की विरासत को संरक्षित रखते हुए हम अपने कर्तव्य पथ पर आगे बढ़ें। मैत्री, करुणा, सौहार्द और सामंजस्य के सूत्र स्व जीवन में आचारित कर संघ-समाज और राष्ट्र के विकास में योगभूत बनें। इन्हीं शुभ भावों के साथ-

शुभाकांक्षी

Sarita Daga

सरिता डागा

## POWERHOUSE



### रोज की एक सलाह


समय-नियोजन व्यवस्थित जीवन का एक महत्वपूर्ण अंग है। दिनचर्या को निर्धारित रखो, काम अच्छा होगा। 'समय पर काम करो'। इस सूत्र को आजमाकर देखो कि दिन कितना व्यवस्थित बीतता है?

दूसरों की उन्नति देखकर नाखुश मत बनो, अपितु 'मैं भी विकास करूं और दूसरे भी विकास करें' यह भावना रखो।

–आचार्य महाश्रमण

('रोज की 1 सलाह' से साभार)

आज हमारा धर्मसंघ जो एक विलक्षण, शालीन और प्रगतिशील धर्मसंघ प्रतीत हो रहा है, उसमें एकमात्र आचार्य भिक्षु का व्यक्तित्व और कर्त्तृत्व ही झांक रहा है। उन्होंने मर्यादाओं की जो रेखाएं खींची, वे युग-युग तक संघ को सुरक्षा प्रदान करती रहेंगी, ऐसा मेरा विश्वास है।



–आचार्य तुलसी

('मंजिल की ओर' से साभार)

## अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल का 50वां राष्ट्रीय अधिवेशन
## 18, 19, 20 सितम्बर, 2025 अहमदाबाद (गुजरात)

युग प्रधान आचार्यश्री महाश्रमणजी की पावन सन्निधि में अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल का 50वां राष्ट्रीय महिला अधिवेशन आगामी 18, 19, 20 सितम्बर, 2025 को अहमदाबाद (गुजरात) में समायोजित हो रहा है।

**विशेष ध्यातव्य :**

* अधिवेशन में 1000 सदस्यों से कम वाले शाखा मंडल से अधिकतम 4 सदस्य और 1000 सदस्यों से अधिक वाले शाखा मंडल से अधिकतम 7 सदस्य संभागी बन सकेंगे।
* शाखा मंडल के निवर्तमान अध्यक्ष व मंत्री, वर्तमान अध्यक्ष व मंत्री एवं पदाधिकारियों को ही सम्मिलित होने हेतु प्राथमिकता दें। यदि किसी कारणवश पदाधिकारी नहीं आ सके तो कार्यसमिति सदस्यों को ही अधिवेशन में संभागी बनाने का लक्ष्य रखें।
* पंजीकरण शुल्क मात्र 1100 रुपए प्रति संभागी है।
* पंजीकरण प्रातः 8 बजे से मध्याह्न 12 बजे तक रहेगा। संभागी अपने क्षेत्र का मान्यता पत्र अवश्य साथ लाएं।
* अधिवेशन में गणवेश में रहना अनिवार्य है।
* संभागी ओढ़ने-बिछाने, पानी की बोतल एवं सामायिक उपकरण साथ लेकर पधारें।
* परम पूज्य गुरुदेव, श्रद्धेया साध्वीप्रमुखाश्रीजी एवं अन्य चारित्रात्माओं की सन्निधि में तथा प्रत्येक सत्र में अनुशासन का विशेष ध्यान रखें। प्रत्येक सत्र में पूर्ण समय तक उपस्थित होना अनिवार्य है।
* 20 सितम्बर, 2025 को मध्याह्न भोजन पश्चात संभागी प्रस्थान कर सकते हैं।

अधिक जानकारी हेतु सम्पर्क सूत्र :

महामंत्री, श्रीमती नीतू ओस्तवाल, मो.: 9257011205

# अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल द्वारा आयोजित
# आचार्य भिक्षु त्रिशताब्दी महोत्सव
# तप - साधना - समर्पण

## विशेष आयोजन : 'तेला तप अनुष्ठान' [तीन दिवसीय उपवास]

**दिनांक : 8 जुलाई से 10 जुलाई, 2025 तक**

**''तप से जीवन में आता है उजास, आचार्य भिक्षु की वाणी है अनुपम प्रकाश''!**

तेरापंथ धर्मसंघ के संस्थापक, क्रांतिकारी आचार्य भिक्षु के 300वें जन्म वर्ष पर आयोजित त्रिशताब्दी महोत्सव को सार्थक श्रद्धापूर्ण बनाते हुए अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल प्रस्तुत करता है- 'तेला तप अनुष्ठान', एक ऐसा आयोजन जो आत्मशुद्धि, साधना और समर्पण की भावना को प्रकट करता है। तेला तप- केवल उपवास नहीं, यह है आत्मबल को जगाने का, गुरु-स्मृति में तन-मन अर्पण करने का एक संकल्प।

**यह अनुष्ठान :**

- हमारे भीतर संयम और साधना की लौ को प्रज्वलित करेगा।
- आचार्य भिक्षु की तपस्या की भावना से जुड़ने का अवसर प्रदान करेगा।
- संघ के प्रति श्रद्धा और सेवा की भावना को सुदृढ़ करेगा।

आइए, इस श्रद्धा-समर्पण के अवसर का हिस्सा बनें और अपने जीवन को तप-संस्कार से प्रकाशित करें।

संयोजिका - श्रीमती निर्मला छाजेड़, 9420611103.

---

# तेरापंथ कन्या मंडल

स्नेहिल कन्याओं...
सादर जय जिनेन्द्र!

किए सफलतम कार्य, मंडल को नव ऊंचाइयाँ प्रदान की।
निवर्तमान संयोजिका ने, कन्याओं के सपनों को उड़ान दी।
अब डोर है नूतन हाथों में, मंडल में नव संयोजिका का चयन हुआ।
दोनों के साथ व विश्वास से, मंडल में नई संभावनाओं का सूर्य उदित हुआ।

आपने केन्द्र द्वारा निर्दिष्ट प्रत्येक करणीय कार्य में तत्परता एवं उत्साह दिखाया है। हर कार्य में परिकल्पना से भी अधिक सफलता मिली है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सभी कन्या मंडलों में नई संयोजिका का चयन हो गया है। अब... कन्या मंडल की गतिविधियों की कमान नूतन हाथों में है।

नया उत्साह और कुछ कर दिखाने की कल्पना आँखों में है। निःसंदेह निवर्तमान संयोजिका के अनुभव एवं सूझबूझ वर्तमान संयोजिका के लिए पथदर्शक बनेंगे। 4-5-6 अगस्त, 2025 गुरु सान्निध्य अहमदाबाद में होगा अधिवेशन का आयोजन। विगत दो वर्षों के कार्यों का होगा समुचित आंकलन। आप सभी ने अधिवेशन हेतु अपनी तैयारियाँ प्रारंभ कर दी होगी। संभवतः सभी ने रजिस्ट्रेशन भी करवा लिया होगा। यदि अभी भी कोई बाकी है तो यथाशीघ्र यह कार्य सम्पादित करें और अधिवेशन में अपनी सहभागिता दर्ज कराएं। आप सभी की प्रतीक्षा में...

आपकी दीदी,
अदिति सेखानी

---

## राष्ट्रीय वाद-विवाद प्रतियोगिता 'मंथन' का फाइनल

अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल द्वारा आयोजित राष्ट्रीय वाद-विवाद प्रतियोगिता 'मंथन' का फाइनल 18 जुलाई, 2025 को प्रातः लगभग 9.30 बजे से अणुविभा केन्द्र, जयपुर में बहुश्रुत शासनगौरव साध्वीश्री कनकश्रीजी के सान्निध्य में आयोजित होगा। फाइनल राउण्ड में पहुँचे हुए संभागी समय पर पहुँचे। सभी संभागियों के प्रति मंगल कामना।

# राष्ट्रीय कन्या अधिवेशन 4, 5 एवं 6 अगस्त, 2025- अहमदाबाद में

आचार्यश्री महाश्रमणजी की पावन सन्निधि में राष्ट्रीय कन्या अधिवेशन 4, 5 एवं 6 अगस्त, 2025 को अहमदाबाद में समायोजित है। अपने जीवन के उच्च निर्माण में एक कदम और आगे बढ़ें, इसी शुभ भावना के साथ अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल तेरापंथी कन्याओं को कन्या अधिवेशन में आमंत्रित करता है। अधिवेशन में अधिकाधिक संख्या में संभागी बन इसे ऐतिहासिक बनाएं।

**कन्या अधिवेशन हेतु ध्यातव्य बिन्दु**

- बड़े क्षेत्रों से अधिकतम 5 एवं छोटे क्षेत्रों से अधिकतम 4 कन्याएं ही भाग ले सकती हैं।
- प्रत्येक क्षेत्र से कन्या मंडल प्रभारी भी अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें।

**संभागियों हेतु ध्यानार्थ**

1. अधिवेशन हेतु पंजीकरण 4 अगस्त, 2025 प्रातः 10.00 बजे से प्रारम्भ होगा।
2. शुल्क प्रति संभागी : रु. 1100
3. अपना मान्यता पत्र अवश्य साथ लेकर पधारें।
4. प्रत्येक कन्या मंडल के साथ उसकी संयोजिका एवं सह संयोजिका की उपस्थिति अनिवार्य है।
5. सम्पूर्ण अधिवेशन में कन्याओं को कन्या मंडल की यूनिफॉर्म में तथा कन्या मंडल प्रभारी को महिला मंडल की यूनिफॉर्म में रहना अनिवार्य है।
7. ओढ़ने-बिछाने का सामान एवं सामायिक उपकरण साथ लेकर पधारें।
8. 6 अगस्त, 2025 को मध्याह्न 12 बजे पश्चात अहमदाबाद प्रवास स्थल से अपने प्रस्थान का कार्यक्रम सुनिश्चित करें।

**Google form link : https://forms.gle/av7HNahStRFrNUYT9**

अधिक जानकारी हेतु सम्पर्क करें :

कन्या मंडल प्रभारी - श्रीमती अदिति सेखानी, 9909024763

कन्या मंडल सह प्रभारी - श्रीमती सोनम बागरेचा, 9007911111

---

## तत्त्वज्ञान/तेरापंथ दर्शन परीक्षा एवं कार्यशाला 16-17 सितम्बर, 2025 अहमदाबाद में

अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल के तत्वावधान में आचार्य तुलसी शिक्षा परियोजना के अंतर्गत तेरापंथ दर्शन के पाँचवें तथा तत्त्वज्ञान के छठे वर्ष के विद्यार्थियों की विशेष परीक्षा आचार्यश्री महाश्रमणजी के पावन सान्निध्य में दिनांक 16 और 17 सितम्बर, 2025 को अहमदाबाद में आयोजित की जाएगी। सभी परीक्षार्थी 16 सितम्बर, 2025 को मध्याह्न 11.00 बजे तक अहमदाबाद पहुँचने का लक्ष्य रखें एवं दिनांक 17 सितम्बर, 2025 को प्रवचन पश्चात प्रस्थान का लक्ष्य रखें। अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें : रा.का.स. श्रीमती नीतू बैद, मो.: 9924180371.

---

## तत्त्वज्ञान एवं तत्त्वविज्ञ परीक्षा : परीक्षार्थी चारित्रात्माओं के सूचनार्थ

अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल के तत्वावधान में आचार्य तुलसी शिक्षा परियोजना के अंतर्गत चारित्रात्माओं के तत्त्वज्ञान एवं तत्त्वविज्ञ पाठ्यक्रम की परीक्षाओं का आयोजन दिनांक 14 व 17 अगस्त, 2025 को होगा। अपने क्षेत्र में विराजित परीक्षार्थी चारित्रात्माओं की परीक्षा का वर्ष और जिस क्षेत्र में परीक्षा देंगे वहाँ का पता, फोन नंबर और ई-मेल एड्रेस 31 जुलाई, 2025 तक राष्ट्रीय संयोजिका श्रीमती कुसुम बैंगानी को अवश्य भेज दे।

श्रीमती कुसुम बैंगानी, 233, वीर अपार्टमेंट, सेक्टर 13, रोहिणी, दिल्ली-110085, मो.: 8010139367.

आचार्य तुलसी
कर्तृत्व पुरस्कार

## आचार्य तुलसी कर्तृत्व पुरस्कार

अभातेममं. का गरिमामय सम्मान व सर्वोच्च पुरस्कार है 'आचार्य तुलसी कर्तृत्व पुरस्कार'। नारी उन्नायक आचार्य तुलसी के प्रति कृतज्ञ महिला समाज की विनम्र श्रद्धांजलि है यह पुरस्कार।

नारी सेवा, समर्पण, संस्कृति की संवाहक और सृजन का मूर्त रूप है। अतः सामाजिक, आध्यात्मिक, सांस्कृतिक, साहित्यिक, राजनैतिक आदि विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाली महिला या महिला संस्थान को प्रति दूसरे वर्ष आचार्य तुलसी कर्तृत्व पुरस्कार से नवाजा जाता है। इस पुरस्कार के तहत सम्मानित व्यक्तित्व को सम्मान पत्र, मोमेंटो एवं एक लाख रुपए की राशि प्रदान की जाती है। इस पुरस्कार के अब तक के गौरवशाली प्राप्तकर्ता है– डॉ. पूर्णिमा आडवाणी (भूतपूर्व अध्यक्ष– राष्ट्रीय महिला आयोग), डॉ. किरण बेदी (प्रथम महिला आईपीएस ऑफिसर), श्रीमती सावित्री जिन्दल (पूर्व हरियाणा राज्यमंत्री, प्रसिद्ध उद्योगपति), श्रीमती नीलिमा खेतान (मुख्य संचालिका सेवा मंदिर, उदयपुर), श्रीमती अनुराधा कोईराला (संस्था माहिती संस्था नेपाल, काठमाण्डू), श्रीमती मृदुला सिन्हा (भूतपूर्व महामहिम राज्यपाल गोवा), श्रीमती रेखा शर्मा (अध्यक्ष, राष्ट्रीय महिला आयोग, भारत सरकार)।

अभातेममं. अंतर्राष्ट्रीय स्तर के वर्ष 2025 के पुरस्कार हेतु प्रविष्ठियाँ आमंत्रित कर रहा है। देश या विदेशों में विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाली महिला या महिला संस्थान के नाम का आवेदन पत्र भरकर इस पुरस्कार की निदेशक डॉ. सूरज बरड़िया के निम्न पते पर भेजें। आवेदन पत्र भरकर भेजने की अंतिम तिथि 15 जुलाई, 2025 है। **ABTMM** वेबसाइट से डाउनलोड करके आचार्य तुलसी कर्तृत्व पुरस्कार के बारे में आप जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। आवेदन पत्र वेबसाइट पर उपलब्ध है।

निदेशिका

डॉ. सूरज बरड़िया, 5, केमक स्ट्रीट, 9th फ्लोर, फ्लैट नं. E-9, कोलकाता-700017, मो. : 9831143436

## सीतादेवी सरावगी प्रतिभा पुरस्कार 2025

अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल द्वारा प्रतिवर्ष राष्ट्रीय महिला अधिवेशन में एक महिला और एक कन्या को सीतादेवी सरावगी प्रतिभा पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है। यह पुरस्कार तेरापंथ धर्मसंघ की प्रतिभा सम्पन्न एक महिला एवं एक कन्या को प्रदान किया जाता है। इस पुरस्कार के अंतर्गत रु. 51,000 की राशि तथा एक प्रशस्ति पत्र सम्मानित व्यक्ति को प्रदान किया जाता है। समस्त शाखा मंडलों से निवेदन है कि अपने क्षेत्र से इस पुरस्कार हेतु प्रविष्टियाँ भेजें। इसके लिए समस्त शाखाएं अपनी जागरूकता का परिचय दे। अंतिम निर्णय चयन समिति द्वारा किया जाएगा।

**पुरस्कार हेतु अर्हताएं :**

- कला, शिक्षा, विज्ञान, सेवा, साहित्य आदि क्षेत्र में विशिष्ट कार्य करने वाली महिला/कन्या हो।
- चरित्रनिष्ठ एवं संघनिष्ठ मनोवृत्ति हो।

**पुरस्कार प्रविष्टि हेतु शाखाओं के ध्यानार्थ :**

- प्रत्येक शाखा एक महिला और एक कन्या का नाम ही इस पुरस्कार हेतु प्रस्तावित कर सकता है।
- आपकी शाखा द्वारा प्रस्तावित महिला एवं कन्या के प्रस्ताव को उन व्यक्ति की फोटो सहित सम्पूर्ण परिचय (बायोडाटा) शाखा मंडल के अध्यक्ष/मंत्री अपने शाखा के **Letterhead** पर लिखित में भेजें। इस प्रस्ताव में अध्यक्ष एवं मंत्री सहित अन्य तीन पदाधिकारियों के हस्ताक्षर भी अनिवार्य रूप से होने चाहिए।
- प्रविष्टि भेजने की अंतिम तिथि 15 जुलाई, 2025 है। बाद में प्राप्त प्रविष्टियाँ स्वीकृत नहीं की जाएगी।
- प्रविष्टियाँ जयपुर स्थित अध्यक्षीय कार्यालय में ही भेजें।
- शाखा उन्हीं महिला/कन्या की प्रविष्टियाँ भेजें जो सितम्बर, 2025 को राष्ट्रीय अधिवेशन के समय अहमदाबाद में आचार्यश्री महाश्रमणजी के पावन सन्निधि में उपस्थित होकर यह पुरस्कार स्वीकार कर सके।

# प्रेक्षा प्रवाह : शक्ति एवं शांति की ओर

**अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल एवं प्रेक्षा फाउण्डेशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित**

**9वीं Online Workshop on Zoom–**

**21 June, 2025 International Yoga Day**

**योग अपनायें – आत्म शक्ति जगायें**

| | |
|---|---|
| कार्यशाला रूपरेखा प्रस्तुति–: | श्रीमती वीणा बैद (रा. संयोजिका– प्रेक्षा प्रवाह) |
| प्रशिक्षण विषय : | **Importance of Yoga for Women Health.** |
| प्रशिक्षक : | श्रीमती नीतू ओस्तवाल (महामंत्री, अभातेमम.), भीलवाड़ा |
| विचाराभिव्यक्ति : | **Impact of Yoga day throughout the world.** |
| अभिव्यक्ति : | श्रीमती नीलम सेठिया (निवर्तमान अध्यक्ष, अभातेमम.), सेलम |
| प्रशिक्षण विषय : | उत्तम स्वास्थ्य के लिये योग–प्रयोग |
| प्रशिक्षक : | श्रीमती अंजू कोठारी (प्रेक्षा प्रशिक्षक), कोलकाता |
| प्रशिक्षण विषय : | योग और प्रेक्षा ध्यान साधना |
| प्रशिक्षक : | श्रीमती मंजू सिपानी (वरिष्ठ प्रेक्षा प्रशिक्षक), कोलकाता |
| प्रशिक्षण विषय : | योग + ध्यान = भयमुक्त जीवन– 'अभय अनुप्रेक्षा प्रयोग' |
| प्रशिक्षक : | श्रीमती वीणा बैद (वरिष्ठ प्रेक्षा प्रशिक्षक), बंगलूरू |
| कुशल संचालन : | श्रीमती जयश्री जोगड़ (रा.का.स., अभातेमम.), इचलकरणजी |

**Zoom** और यू ट्यूब **Live** पर 200 से भी ज्यादा भाई–बहिनों ने कार्यक्रम का लाभ उठाया।

## Session on Health, Life & Wellness

26 जून, 2025.

अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल द्वारा एक विशेष हैल्थ लाइफ एवं वैलनेस सेशन का आयोजन गुरुवार, 26 जून, 2025 को **Zoom** पर किया गया। सेशन का शुभारम्भ अभातेमम. चीफ ट्रस्टी श्रीमती पुष्पा बैंगानी द्वारा नमस्कार महामंत्र के उच्चारण से हुआ। इस सेशन की मुख्य वक्ता प्रिमीशा जैन (**Nutritionist & Certified Health, Life & Wellness Coach**) ने **Women's Health, Gut Health & Weight Management** के बारे में अच्छी जानकारी प्रदान की। महिलाओं के बारे में एक संक्षिप्त परिचय के साथ अपनी बात प्रस्तुत करते हुए आपने बताया कि अपने स्वास्थ्य को प्राथमिकता देना इतना महत्वपूर्ण क्यों है? अतिरिक्त वजन को कम करने के तरीके, खानपान पर ध्यान देना और अपनी आदतों में सुधार करके हम अपने स्वास्थ्य को कैसे स्वस्थ रखें, इन विषयों पर छोटे–छोटे बिंदुओं के माध्यम से आपने जानकारी प्रदान की।

मुख्य वक्ता का परिचय एवं आभार ज्ञापन राष्ट्रीय तेरापंथ कन्या मंडल सहप्रभारी श्रीमती सोनम बागरेचा ने किया। कुशल संचालन रा.का.स. श्रीमती प्रभा घोड़ावत ने किया। इस **Zoom** मीटिंग में बहिनों की अच्छी उपस्थिति रही।

## शाखाओं के नव–मनोनीत अध्यक्ष तथा मंत्री हेतु विशेष ध्यानार्थ

शाखाओं ने साधारण सदन एवं चुनाव/मनाव की प्रक्रिया सम्पन्न कर ली होगी। यदि नहीं तो 15 जुलाई, 2025 तक पूर्ण संवैधानिक रूप से साधारण सदन की प्रक्रिया को सम्पन्न करें।

नव–मनोनीत अध्यक्ष तथा मंत्री के नाम, पते व मोबाइल नंबर सहित गूगल फॉर्म भरें, जिसका लिंक निम्न है :

**Google form link : https://forms.gle/KC8eNmb5cgbquejr9**

अतिशीघ्र व्हाट्सएप्प ग्रुप का लिंक प्रेषित किया जाएगा, जिसे नव मनोनीत अध्यक्ष एवं मंत्री को अवश्य भेजें, जिससे वे अभातेमम. ब्रांच ग्रुप से जुड़ सकें। आने वाले शुभ भविष्य के लिए आप सभी को हार्दिक मंगल कामना।

विशेष जानकारी हेतु सहमंत्री, अभातेमम. श्रीमती निधि सेखानी, मो. 9879633133 से संपर्क करें।

# तेममं., बीरगंज (नेपाल) का रजत जयंती वर्ष सम्पूर्ति कार्यक्रम

## प्रथम बार राष्ट्रीय अध्यक्ष के आगमन पर बहिनों का उत्साहवर्धन

**20 जून, 2025, बीरगंज।**

तेरापंथ महिला मंडल, बीरगंज का रजत जयंती कार्यक्रम **'25 साल बेमिसाल'** शीर्षक से आयोजित हुआ। इस अवसर पर अपने मध्य प्रथम बार अभातेममं. की राष्ट्रीय अध्यक्ष की उपस्थिति से बहिनों का उत्साह स्वतः परिलक्षित हो रहा था। कार्यक्रम का शुभारंभ नमस्कार महामंत्र के समवेत उच्चारण एवं समर्पिता गीत के साथ हुआ। स्थानीय मंडल अध्यक्ष श्रीमती बबिता खटेड़ ने स्वागत वक्तव्य देते हुए कहा कि बीरगंज मंडल लगभग 48 वर्षों से संचालित है पर अभातेममं. से पंजीकरण का कार्य 25 वर्ष पूर्व हुआ। इस दृष्टि से यह हमारा रजत जयंती वर्ष है। प्रथम अध्यक्ष श्रीमती हनुमानी देवी बैद के साथ-साथ सभी पूर्व अध्यक्षों का नामोल्लेख करते हुए आपने सबके सक्रिय योगदान के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष **श्रीमती सरिता डागा** ने कहा कि किसी भी संस्था का 25 वर्ष का कार्यकाल विशेष उपलब्धियों भरा होता है। यहाँ की बहिनों ने मंडल की गतिविधियों को संचालित करने में सहभागी बन इस छोटे से क्षेत्र का नाम रोशन किया है। बहिनों में अच्छा उत्साह है। मंडल की अध्यक्ष श्रीमती बबिता खटेड़ एवं उनकी पूरी टीम श्रमशील है एवं मंडल के कार्यों के प्रति जागरूक है। आने वाला नेतृत्व भी मंडल को और अधिक ऊंचाइयाँ दे, ऐसी अपेक्षा है।

तेममं. बीरगंज की बहिनों द्वारा मंडल के 25 साल की यात्रा पर आकर्षक गीतिका की प्रस्तुति हुई एवं ऐतिहासिक झलकियों व सांस्कृतिक कार्यक्रम द्वारा मंडल के गौरव को उजागर किया। नेपाल के राष्ट्रीय



प्रतीक डांफे पक्षी, लाली गुरांस, पीपल और कन्या पर आधारित नाटिका की प्रस्तुति भी की गई। मंडल की वर्षभर की गतिविधियों को लघु नाटिका एवं नृत्य द्वारा प्रस्तुत किया गया। **रजत जयंती** के इस अवसर पर मंडल की सभी पूर्व अध्यक्षाओं को तिलक, माला एवं मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया। अभातेममं. की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उनकी टीम का साहित्य एवं माला से भावभीना स्वागत किया गया। इस अवसर पर अभातेममं. की सहमंत्री नेपाल प्रभारी **डॉ. वंदना बरड़िया,** प्रचार-प्रसार मंत्री **श्रीमती सरिता बरलोटा,** कन्या मंडल सह प्रभारी **श्रीमती सोनम बागरेचा** ने भी अपने विचार व्यक्त किए। स्थानीय मंडल अध्यक्ष श्रीमती बबिता खटेड़ ने मंडल के सहयोगी परिवारों के प्रति आभार प्रकट किया। कार्यक्रम का कुशल संचालन एवं आभार ज्ञापन मंत्री श्रीमती कुसुम मणोत एवं सह संचालन श्रीमती दीपशिखा गाँधी ने किया। रजत जयंती कार्यक्रम की सुंदर आयोजना में स्थानीय बहिनों का श्रम मुखर रहा। गरिमामय कार्यक्रम में नेपाल स्तरीय सभा वरिष्ठ उपाध्यक्ष **श्री अशोक बैद,** अन्य पदाधिकारीगण एवं श्रावक-श्राविका समाज की अच्छी उपस्थिति रही।

# कन्या सुरक्षा सर्किल का उद्घाटन

**20 जून, 2025, बीरगंज।**

अभातेममं. के तत्वावधान में तेरापंथ महिला मंडल, बीरगंज द्वारा कन्या विकास योजना के अंतर्गत शंखधर शाख्वा पार्क में कन्या सुरक्षा सर्किल का उद्घाटन अभातेममं. की राष्ट्रीय अध्यक्ष **श्रीमती सरिता डागा,** बीरगंज महानगरपालिका प्रमुख **श्री राजेशमान जी सिंह,** नेपाल स्तरीय सभा वरिष्ठ उपाध्यक्ष **श्री अशोक कुमार बैद** के कर कमलों द्वारा किया गया। कार्यक्रम में स्थानीय तेममं. की अध्यक्ष श्रीमती बबीता खटेड़, अभातेममं. की सहमंत्री **श्रीमती वंदना बरड़िया,** प्रचार-प्रसार मंत्री **श्रीमती सरिता बरलोटा,** कन्या मंडल सह प्रभारी **श्रीमती सोनम बागरेचा,** तेममं. मंत्री श्रीमती कुसुम मनोत, तेरापंथ सभा के अध्यक्ष श्री दिलीप कोठारी, उपाध्यक्ष श्री सुमित सेठिया एवं समाज के गणमान्य व्यक्तियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन सुश्री हर्षिका भंसाली ने किया।



# काठमांडू (नेपाल) में विविध आयाम का उद्घाटन

## बोतल क्रशर मशीन का उद्घाटन

21 जून, 2025, काठमांडू।

अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल के तत्वावधान में तेरापंथ महिला मंडल, काठमांडू द्वारा समृद्ध राष्ट्र योजना के अंतर्गत फ्रंटलाइन हॉस्पिटल में बोतल क्रशर मशीन का उद्घाटन अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल की राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती सरिता डागा के कर कमलों से किया गया। इस अवसर पर फ्रंटलाइन हॉस्पिटल के डॉक्टर्स की गरिमामय उपस्थिति रही।

## वाटर कूलर का उद्घाटन

अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल के तत्वावधान में तेरापंथ महिला मंडल, काठमांडू द्वारा एक बूंद एक सागर जल संरक्षण के अंतर्गत चार अलग-अलग स्थानों (धापासी माध्यमिक विद्यालय, नर्लिंग माध्यमिक विद्यालय, कमल माध्यमिक विद्यालय एवं तेरापंथ कक्ष) पर वाटर कूलर का उद्घाटन राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती सरिता डागा के कर कमलों से किया गया।

## सिलाई प्रशिक्षण

अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल के तत्वावधान में तेरापंथ महिला मंडल, काठमांडू द्वारा एक कदम स्वावलंबन की ओर : उड़ान के अंतर्गत 16 बहिनों को सिलाई का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के सर्टिफिकेट एवं चार सिलाई मशीनों का वितरण मंडल की ओर से अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल की राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती सरिता डागा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में सिलाई केन्द्र की मुख्य प्रशिक्षिका की उपस्थिति रही।

## सुविधा गृह (बाथरूम) का उद्घाटन

अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल के तत्वावधान में तेरापंथ महिला मंडल, काठमांडू द्वारा स्कूल संरक्षण के अंतर्गत चार सुविधा गृह का उद्घाटन अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल की राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती सरिता डागा द्वारा किया गया।

## महिला मंडल कार्यालय का उद्घाटन

अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल के तत्वावधान में तेरापंथ महिला मंडल, काठमांडू द्वारा समणी विपुलप्रज्ञा जी एवं आदर्श प्रज्ञा जी के सान्निध्य में भगवान महावीर जैन निकेतन में महिला मंडल के कार्यालय का उद्घाटन अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल की राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती सरिता डागा के कर कमलों से किया गया।

## स्कूल संरक्षण कार्य

अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल के तत्वावधान में तेरापंथ महिला मंडल, काठमांडू द्वारा स्कूल संरक्षण के अंतर्गत वाटर फिल्टर, बच्चों को आवश्यक सामग्री एवं 21 कन्याओं को छात्रवृत्ति, वितरण का कार्य अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल की राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती सरिता डागा के कर कमलों से सम्पन्न हुआ।

## कन्या सुरक्षा बैंचेज का उद्घाटन

अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल के तत्वावधान में तेरापंथ महिला मंडल, काठमांडू द्वारा कन्या विकास योजना के अंतर्गत छह कन्या सुरक्षा बैंचेज का उद्घाटन अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल की राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती सरिता डागा के कर कमलों से किया गया।

तेममं. काठमांडू के उपरोक्त सभी कार्यक्रमों में राष्ट्रीय अध्यक्ष के साथ अभातेममं. सहमंत्री एवं नेपाल प्रभारी डॉ. वंदना बरड़िया, प्रचार-प्रसार मंत्री श्रीमती सरिता बरलोटा, कन्या मंडल सहप्रभारी श्रीमती सोनम बागरेचा एवं तेरापंथ महिला मंडल, काठमांडू अध्यक्ष श्रीमती निशा जैन एवं उनकी टीम, प्रमुख अतिथि बड़ा अध्यक्ष श्री टीका नारायण श्रेष्ठ, तेरापंथ सभा अध्यक्ष, कार्यसमिति सदस्यगण, कन्या मंडल एवं समाज के अन्य गणमान्य व्यक्तियों की गरिमामय उपस्थिति रही। कार्यक्रम में तेमम. काठमांडू की बहिनों का अनुकरणीय श्रम रहा।

लक्ष्य

# काठमांडू (नेपाल) विदेश की धरा पर 'लक्ष्य' कार्यशाला का भव्य आगाज

21 जून, 2025, काठमांडू।

अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल के तत्वावधान में तेरापंथ महिला मंडल, काठमांडू द्वारा 'लक्ष्य' कार्यशाला का भव्य आगाज समणी निर्देशिका विपुलप्रज्ञा जी एवं आदर्शप्रज्ञा जी के सान्निध्य में राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती सरिता डागा की अध्यक्षता में आचार्य महाश्रमण सभागार में किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ समणीजी द्वारा नमस्कार महामंत्र के उच्चारण से किया गया। समणी निर्देशिका विपुलप्रज्ञा जी ने बुलंद गीतिका के साथ मंगल उद्‌बोधन में कहा कि किस तरह आज की नारी लक्ष्य के साथ चलकर अपने परिवार के साथ अपने आप को सामाजिक, धार्मिक गतिविधियों के साथ जोड़कर एक सुंदर भविष्य का निर्माण कर सकती है। समणी आदर्शप्रज्ञा जी ने एक कहानी के माध्यम से समाज को जागरूक करने में नारी शक्ति कैसे लक्ष्य के साथ अपना काम करती है- बताया।

राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती सरिता डागा, सहमंत्री एवं नेपाल प्रभारी डॉ. वंदना बरड़िया, प्रचार-प्रसार मंत्री श्रीमती सरिता बरलोटा, कन्या मंडल सह प्रभारी श्रीमती सोनम बागरेचा और समागत केसरिया शक्ति का स्वागत तेरापंथ महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती निशा गधैया ने किया। तेममं. काठमांडू की बहिनों द्वारा मंगलाचरण एवं स्वागत गीतिका का संगान किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष



श्रीमती सरिता डागा ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की सबको बधाई देते हुए कहा कि जीवन में एक लक्ष्य को निर्धारित करें, व कर्मठता से कार्य करके उस लक्ष्य को पूरा करें। साथ मिलकर सहयोग एवं सौहार्दता के साथ कार्य करने से सफलता अवश्य ही मिलती है। अभातेममं. की प्रचार-प्रसार मंत्री श्रीमती सरिता बरलोटा ने साध्वी प्रमुखाश्रीजी के संदेश का वाचन किया एवं तेरापंथ महिला मंडल की कार्यशैली में सौहार्द, समर्पण और सहयोग को बनाए रखने के महत्व पर प्रकाश डाला। सह मंत्री एवं नेपाल प्रभारी श्रीमती डॉ. वंदना बरड़िया ने कहा कि जीवन में लक्ष्य बनाकर चलें तभी हम सफलता की ऊंचाइयों को प्राप्त कर सकते है। गुरु, संगठन और परम्परा के प्रति कृतज्ञ हृदय ही लक्ष्य की ओर स्थिर कदम बढ़ाता है। कन्या मंडल सह प्रभारी श्रीमती सोनम बागरेचा ने कहा कि हमारी नींव कन्याओं को हमें सुदृढ़ बनाना है। यही भविष्य की धरोहर है एवं **mindfull activity** भी करवाई।

महिला मंडल की बहिनों ने सत्र 2023-25 के कार्यकाल के कार्यक्रमों की एक झलक की माला पिरोकर सुंदर प्रस्तुति दी। तेरापंथ कन्या मंडल ने नौ देवियों की शक्ति स्वरूप को प्रदर्शित करते हुए काठमांडू कन्या मंडल के गतिशील कदमों को प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के प्रमुख अतिथि कानून एवं न्याय व संसदीय मामलात मंत्री श्री अजय चौरसिया ने महिला शक्ति के कार्य करने की क्षमता पर विचार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज में आपका विशेष योगदान है। कार्यक्रम का कुशल संचालन स्थानीय मंत्री श्रीमती सुनीता सेठिया एवं आभार ज्ञापन प्रथम उपाध्यक्ष श्रीमती मधु सेठिया ने किया। कार्यक्रम में बागमती प्रदेश के अर्थ समिति के सभापति श्री राम लमिछाने की भी गरिमामय उपस्थिति रही।

# संगठन - सम्पर्क यात्रा : राष्ट्रीय अध्यक्ष धुलाबाड़ी (नेपाल) में

नेपाल यात्रा के दौरान अभातेममं. राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती सरिता डागा ने अपनी टीम के सदस्यों, सह मंत्री एवं नेपाल प्रभारी डॉ. वंदना बरड़िया, प्रचार-प्रसार मंत्री श्रीमती सरिता बरलोटा एवं कन्या मंडल सह प्रभारी श्रीमती सोनम बागरेचा के साथ धुलाबाड़ी क्षेत्र में पधारीं। तेममं. धुलाबाड़ी की अध्यक्ष श्रीमती लक्ष्मी बुच्चा एवं मंत्री श्रीमती सारिका बरमेचा सहित पूरी टीम ने राष्ट्रीय टीम का भावपूर्ण स्वागत किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती सरिता डागा ने संस्था की रीति-नीति और संविधान संबंधी जानकारी प्रदान की तथा स्थानीय सदस्यों की जिज्ञासाओं का समाधान प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में सभा के उपाध्यक्ष और मंत्री एवं तेयुप अध्यक्ष सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों की भी गरिमामय उपस्थिति रही।

# तेरापंथ महिला मंडल, बालोतरा
# वाटर कूलर एवं बैंच का लोकार्पण

**26 जून, 2025, बालोतरा।**

अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल के निर्देशन में तेरापंथ महिला मंडल, बालोतरा द्वारा अभातेममं. राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती सरिता डागा की अध्यक्षता में न्यू तेरापंथ भवन, बालोतरा में एक बूंद-एक सागर- जल संरक्षण के अंतर्गत वाटर कूलर एवं कन्या विकास योजना के अंतर्गत 2 बैंचेज का लोकार्पण हुआ। इस अवसर पर अभातेममं. महामंत्री श्रीमती नीतू ओस्तवाल एवं पदाधिकारीगण, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्यों के साथ-साथ तेममं. बालोतरा अध्यक्ष श्रीमती निर्मला संकलेचा, मंत्री श्रीमती रेखा बालड़ एवं पदाधिकारियों व प्रायोजक संकलेचा परिवार (असाड़ा वाला ग्रुप) तथा ओस्तवाल परिवार (पन्ना ग्रुप) के सदस्यों की गरिमामय उपस्थिति रही।

# जयपुर : उड़ान- सुनहरा भविष्य
# एक कदम स्वावलंबन की ओर

**2 जून, 2025, जयपुर।**

तेरापंथ महिला मंडल, जयपुर शहर द्वारा अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल द्वारा निर्देशित कार्यक्रम 'उड़ान- एक कदम स्वावलंबन की ओर' के अंतर्गत श्री पुरुषोत्तम मैमोरियल एण्ड चैरिटेबल ट्रस्ट (अनाथ आश्रम) में अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल की राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती सरिता डागा की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ नमस्कार महामंत्र के सामूहिक उच्चारण के साथ किया गया। मंडल की अध्यक्ष श्रीमती नीरू मेहता ने सभी का स्वागत अभिनन्दन किया। आश्रम की सचिव सुनसुइया नागर ने आश्रम की गतिविधियों के बारे में बताते हुए सभी के प्रति अपनी कृतज्ञता ज्ञापित की। कार्यक्रम संयोजिका श्रीमती नीरू पुगलिया ने बताया कि बच्चियों को किस तरह प्रशिक्षण दिलाकर व स्वावलंबी बनाकर उन्हें साधन उपलब्ध कराए जाते हैं।

राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती सरिता डागा ने बताया कि कन्याओं को विविध कलाओं में प्रशिक्षण देकर उन्हें स्वावलंबी बनाया जा रहा है। तेममं., जयपुर शहर द्वारा सात सिलाई मशीन व एक ओटीजी संस्थान को प्रदान किया गया एवं कहा कि सुयोग्य प्रशिक्षकों द्वारा कन्याओं को स्वावलंबी बनाने के लिए बेकिंग व सिलाई का प्रशिक्षण दिलाया जाएगा। कार्यक्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष के साथ रा.का.स.- उड़ान कार्यक्रम की संयोजिका श्रीमती नीरू पुगलिया, श्रीमती नीलिमा बैद, स्थानीय मंडल की अध्यक्ष श्रीमती नीरू मेहता, श्री नरेश मेहता, महिला मंडल की कार्यकारिणी सदस्य तथा आश्रम की बच्चियाँ उपस्थित रही। कार्यक्रम का कुशल संयोजन श्रीमती उषा बरड़िया ने किया।

# तेरापंथ महिला मंडल, अहमदाबाद द्वारा वाटर कूलर
# एवं कन्या सुरक्षा बैंच का उद्घाटन

**29 जून, 2025, अहमदाबाद।**

अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल के निर्देशन में तेरापंथ महिला मंडल, अहमदाबाद द्वारा आयोजित वाटर कूलर एवं कन्या सुरक्षा बैंच का उद्घाटन राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती सरिता डागा, संरक्षिका श्रीमती सायर देवी बैंगानी, राष्ट्रीय कन्या मंडल प्रभारी श्रीमती अदिति सेखानी, रा.का.स. उत्तर गुजरात क्षेत्रीय प्रभारी श्रीमती नीतू बैद, श्रीमती चाँद छाजेड़ एवं श्रीमती वर्षा लुनिया एवं स्थानीय अध्यक्ष श्रीमती हेमलता परमार एवं उनकी पूरी टीम की उपस्थिति में उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर चार वाटर कूलर स्कूल में आवश्यकतानुसार एवं एक वाटर कूलर महिला पुलिस चौकी में दिया। ट्रैफिक पुलिस चौकी, महिला पुलिस चौकी, तेरापंथ भवन, स्कूलों आदि में कुल 55 बैंच दिए गए।

# नेपाल के विराटनगर में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ 'प्रवर्द्धन- Women Shaping Future' सम्मेलन

**21 जून, 2025, विराटनगर।**

अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल के तत्वावधान में तेरापंथ महिला मंडल, विराटनगर द्वारा **'प्रवर्द्धन- Women Shaping Future'** विषय पर नेपाल, बिहार व झारखंड स्तरीय प्रबुद्ध महिला सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। समणी निर्देशिका विपुलप्रज्ञाजी और समणी आदर्शप्रज्ञाजी के सान्निध्य में आयोजित यह सेमिनार महिला नेतृत्व, संस्कार और सामाजिक चेतना के अद्भुत संगम का साक्षी बना, जिसमें 16 शाखा मंडलों की सहभागिता रही और करीब 250 प्रबुद्ध महिलाएं उपस्थित रहीं। इसमें धुलाबाड़ी, अररिया आरएस, हनुमान नगर, काठमांडू, इनरवा, धरान, राजविराज, भट्टा (मधुबनी), किशनगंज, भद्रपुर, खुश्कीबाग, कटिहार, गुलाबबाग, बिर्तामोड़, निर्मली, अररिया कोर्ट आदि क्षेत्रों की सहभागिता रही। कार्यक्रम का शुभारंभ मंगलाचरण के साथ हुआ। समणी विपुलप्रज्ञाजी ने प्रवर्द्धन की व्याख्या करते हुए महिलाओं को प्रवर्द्धित बनने के गुर सिखाए। आज के समय में महिलाएं हर क्षेत्र में प्रवर्द्धमान बनकर अपने घर-परिवार और समाज को प्रभावित कर सकती है। समणी आदर्शप्रज्ञाजी ने प्रवर्द्धन विषय पर अपनी सारगर्भित प्रस्तुति दी।




स्थानीय अध्यक्ष श्रीमती संतोष लुनावत ने स्वागत वक्तव्य में नारी की बहुआयामी क्षमताओं पर प्रकाश डालते हुए अतिथियों का अभिनंदन किया। तत्पश्चात स्वागत गीत की भावपूर्ण प्रस्तुति ने माहौल को भावनाओं से भर दिया। प्रचार-प्रसार मंत्री श्रीमती सरिता बरलोटा ने साध्वी प्रमुखाश्री विश्रुतविभाजी का संदेश वाचन कर विषय की भूमिका प्रस्तुत की। मुख्य वक्ता श्री वैभव नाहटा ने जीवन निर्माण में सकारात्मक सोच और दृढ़ नारी शक्ति की भूमिका को उजागर किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती सरिता डागा ने 'प्रबुद्ध महिला' की परिभाषा को आत्मिक और व्यावहारिक दृष्टि से प्रस्तुत करते हुए संस्था, सौहार्द, सम्यकत्व, संबंध और संस्कारों के संरक्षण की आवश्यकता पर जोर दिया।

विशेष आकर्षण रहा विचारोत्तेजक पैनल डिस्कशन, जिसमें पूर्व सांसद श्रीमती राजलक्ष्मी गोलछा, समाजसेवी श्रीमती गिरिजा सारड़ा तथा वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. कोपिला अग्रवाल जैसे विशिष्ट पैनलिस्ट उपस्थित थे। सहमंत्री श्रीमती डॉ. वंदना बरड़िया एवं कन्या मंडल सहप्रभारी श्रीमती सोनम बागरेचा ने संवाद की बागडोर संभालते हुए प्रासंगिक प्रश्नों से विचार को दिशा दी। सम्मेलन में खुला मंच सत्र भी आयोजित किया गया, जिसमें शाखा मंडलों की बहिनों ने राष्ट्रीय अध्यक्ष से सीधे संवाद किया और संगठनात्मक जिज्ञासाएं प्रस्तुत की जिनका समाधान राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा दिया गया।



कार्यक्रम की संयोजिका श्रीमती मिलन नौलखा ने सभी आगंतुकों और सहभागी मंडलों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का कुशल संचालन स्थानीय मंत्री श्रीमती उषा लूणिया ने किया। इस अवसर पर तेरापंथी सभा, युवक परिषद और तेरापंथ प्रोफेशनल फोरम के अध्यक्षगणों ने भी अपने शुभकामनापरक मंतव्य रखते हुए कार्यक्रम की सराहना की।

# संगठन यात्रा

शाखा मंडल के सार-संभाल की दृष्टि से अभातेममं. प्रतिनिधि मंडल का संगठन यात्राओं का क्रम इस प्रकार रहाः

### ❋ दिल्ली-यूपी ❋

प्रभारी : श्रीमती सुनीता जैन, श्रीमती मंजू भूतोड़िया

25 फरवरी, 2025- कानपुर
23 मार्च, 2025- वाराणसी
3 अप्रैल, 2025- पश्चिमी दिल्ली, उत्तरी दिल्ली
22 मई, 2025- मध्य दिल्ली
11 जून, 2025- नोएडा

विशेष उपस्थिति :
राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती सरिता डागा,
महामंत्री श्रीमती नीतू ओस्तवाल,
चीफ ट्रस्टी श्रीमती पुष्पा बैंगाणी,
ट्रस्टी श्रीमती सूरज बरड़िया,
रा.का.स. श्रीमती प्रीति घोषल, श्रीमती कुसुम बैंगानी

### ❋ बीकानेर ❋

प्रभारी : श्रीमती ममता रांका

29 जुलाई, 2024- नोखा, जोरावरपुरा, भीनासर
30 जुलाई, 2024- बीकानेर, उदासर
31 जुलाई, 2024- कालू, लूणकरणसर
29 मार्च, 2025- गंगाशहर

विशेष उपस्थिति : पूर्व रा.का.स. श्रीमती शारदा डागा

### ❋ हरियाणा ❋

प्रभारी : श्रीमती अर्चना भण्डारी

11 अप्रैल, 2024- रोहतक, भिवानी, हांसी, बरनाला, तोशाम
12 अप्रैल, 2024- हिसार, सिरसा, डबवाली, आर्यनगर, आदमपुर

विशेष उपस्थिति : श्रीमती नीतू गुजरानी (प्रभारी पंजाब),
श्रीमती योगिता जैन (पूर्व रा.का.स.),
श्रीमती विजया जिंदल (पूर्व रा.का.स.)

### ❋ नेपाल ❋

प्रभारी : श्रीमती डॉ. वंदना बरड़िया

19 जून, 2025- बीरगंज
21 जून, 2025- काठमांडू
22 जून, 2025- विराटनगर, धुलाबाड़ी

विशेष उपस्थिति :
राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती सरिता डागा,
प्रचार-प्रसार मंत्री श्रीमती सरिता बरलोटा,
कन्या मंडल सह प्रभारी श्रीमती सोनम बागरेचा

## तेरापंथ महिला मंडल किल्पाक (चैन्नई) का गठन एवं शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन

14 जून, 2025, पट्टालम्।

अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल के निर्देशन में नई शाखा तेरापंथ महिला मंडल, किल्पाक का गठन हुआ। मुनिश्री मोहजीत कुमारजी ठाणा-3 के सान्निध्य में आचार्यश्री तुलसी के 29वें महाप्रयाण दिवस पर आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में रा.का.स. श्रीमती माला कातरेला ने श्रीमती अनीता सुराणा को तेमम. किल्पाक के अध्यक्ष के रूप में शपथ ग्रहण करवाई तत्पश्चात श्रीमती अनीता सुराणा ने अपनी टीम का परिचय दिया और उनका शपथ ग्रहण करवाया। मुनिश्रीजी ने नवनियुक्त टीम को संघ और निष्ठापूर्वक काम करने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर पूर्व रा.का.स. श्रीमती उषा बोहरा, तेमम. चैन्नई अध्यक्ष श्रीमती लता पारख एवं बहिनों की अच्छी उपस्थिति रही।

## तेरापंथ महिला मंडल सॉल्टलेक (कोलकाता) का गठन

26 जून, 2025, कोलकाता।

अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल के निर्देशन में नई शाखा तेरापंथ महिला मंडल, सॉल्टलेक का गठन अभातेममं. ट्रस्टी श्रीमती डॉ. सूरज बरड़िया एवं संगठन मंत्री श्रीमती रमन पटावरी की उपस्थिति में हुआ। श्रीमती प्रेम डागा को प्रथम अध्यक्ष के रूप में मनोनीत किया गया। इस अवसर पर श्रीमती डॉ. सूरज बरड़िया, संगठन मंत्री श्रीमती रमन पटावरी एवं तेमम. पूर्वांचल की निवर्तमान अध्यक्ष श्रीमती प्रेम सुराणा ने नवगठित मंडल के प्रति शुभकामनाएं प्रेषित की। कार्यक्रम में सॉल्टलेक गोष्टी की संस्थापिका श्रीमती लीला पुगलिया सहित तेमम. पूर्वांचल की अध्यक्ष श्रीमती बबिता तातेड़ एवं उनकी टीम, एवं सॉल्टलेक क्षेत्र की बहिनों की उपस्थिति रही। नवमनोनीत अध्यक्ष श्रीमती प्रेम डागा ने सबका स्वागत करते हुए आभार ज्ञापित किया।

संरक्षणम्

# अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल के तत्वावधान में बालोतरा में मारवाड़ स्तरीय आंचलिक कार्यशाला 'संरक्षणम्'



**26 जून, 2025, बालोतरा।**

आचार्यश्री महाश्रमणजी की आज्ञानुवर्ती साध्वीश्री अणिमाश्रीजी ठाणा-5 व साध्वीश्री रतिप्रभाजी ठाणा-4 के सान्निध्य में अभातेममं. द्वारा निर्देशित मारवाड़ आंचलिक स्तरीय 'संरक्षणम्' कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला अभातेममं. अध्यक्ष श्रीमती सरिता डागा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। सर्वप्रथम राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा ध्वजारोहण किया गया। तेममं. बालोतरा द्वारा किए गए विविध कार्यक्रमों की प्रदर्शनी का अवलोकन अभातेममं. टीम ने किया। साध्वीश्री जी के द्वारा नमस्कार महामंत्र उच्चारण से कार्यक्रम का शुभारम्भ हुआ। स्थानीय महिला मंडल की बहिनों के द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया। मंगलाचरण मीनाक्षी गोलेच्छा एवं स्वागत गीतिका की प्रस्तुति कन्या मंडल द्वारा की गई। स्थानीय अध्यक्ष श्रीमती निर्मला देवी संकलेचा ने स्वागत वक्तव्य प्रस्तुत किया।

इस अवसर पर साध्वीश्री अणिमाश्रीजी ने फरमाया कि हमें पाश्चात्य संस्कृति का अनुसरण नहीं करना चाहिए। हमें अपनी भारतीय संस्कृति पर गर्व होना चाहिए। हमें अपनी आध्यात्मिक और भारतीय संस्कृति का संरक्षण करना होगा। साध्वीश्री रतिप्रभाजी ने अभातेममं. के समस्त कार्यक्रमों के लिए उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित की और विशेष प्रेरणा प्रदान करते हुए फरमाया कि अभातेममं. द्वारा निर्देशित समस्त कार्यक्रम तेरापंथ महिला मंडल, बालोतरा बहुत अच्छे तरीके से संपादित कर रही है एवं सभी महिलाएं अपना खूब विकास करें। इस अवसर पर साध्वी कलाप्रभाजी ने भी अपने विचार व्यक्त किए। साध्वीवृंद द्वारा सामूहिक गीतिका प्रस्तुत की गई। इस अवसर पर अभातेममं. अध्यक्ष श्रीमती सरिता डागा ने संरक्षणम् विषय को विस्तार से बताते हुए कहा कि किसी भी समाज की विकास यात्रा सृजन, संस्कृति और सौहार्द पर निर्भर है। संस्कारों से निर्माण से ही सुंदर समाज का निर्माण संभव है। संरक्षणम् कार्यशाला की शुरुआत सूरत से हुई थी और आज इसका समापन बालोतरा में हो रहा है। अभातेममं. महामंत्री श्रीमती नीतू ओस्तवाल ने अपने विचारों की अभिव्यक्ति में महिलाओं को विशेष प्रेरित करते हुए स्वयं के ऊपर संगठन को रखने का संदेश दिया। स्वयं के भीतर संस्कारों को विकसित करने की प्रेरणा दी। महिलाएं अपने स्वयं के भीतर को हुनर को आगे बढ़ा कर अपनी एक स्वयं की पहचान बनाए। रा.का.स. मारवाड़ क्षेत्र प्रभारी श्रीमती मीना ओस्तवाल ने अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने साध्वीश्रीजी के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित कर राष्ट्रीय टीम का अभिवादन किया। उपाध्यक्ष श्रीमती विजयलक्ष्मी भूरा ने साध्वी प्रमुखाश्री विश्रुतविभाजी के संदेश का वाचन किया।

क्रमशः पेज सं. 14 पर



आध्यात्मिक प्रवृत्तियां

## शृंखलाबद्ध पौषध व्रत

माह जून में शृंखलाबद्ध पौषध व्रत में सभी क्षेत्रों ने उत्साह-उमंगपूर्वक सहभागिता दर्ज करवायी है। भविष्य में भी इसी रूप में उत्साह प्रदर्शित करते हुए अन्य शाखाएं भी इस महायज्ञ में अपनी आहूति देते हुए अध्यात्म की राह में प्रशस्त होंगे, ऐसा पूर्ण विश्वास है। सभी क्षेत्रों के प्रति खूब-खूब साधुवाद। शृंखलाबद्ध पौषध व्रत में संबद्ध होने वाली शाखाओं की सूची नीचे दी गई है।

शृंखलाबद्ध पौषध व्रत में जुलाई माह के तारीख आरक्षण हेतु **Google Form link:**
**https://forms.gle/R7C4NvSVARGA2XebA**

अधिक जानकारी हेतु सम्पर्क करें- संयोजिकाः श्रीमती नीतू बैद, मो. 9924180371.

### शृंखलाबद्ध पौषध करने वाले क्षेत्रों की सूची-

| दिनांक | क्षेत्र | कुल पौषध | दिनांक | क्षेत्र | कुल पौषध |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 जून, 2025 | सूरत | 22 | 16 जून, 2025 | राजाजी नगर बंगलूरू | 3 |
| 2 जून, 2025 | उत्तरपाड़ा | 3 | 17 जून, 2025 | सिंधीकेला (उड़ीसा) | 3 |
| 3 जून, 2025 | रावलिया कलां | 3 | 18 जून, 2025 | हुबली | 4 |
| 4 जून, 2025 | आमेट | 12 | 19 जून, 2025 | हैदराबाद | 24 |
| 5 जून, 2025 | उधना | 2 | 20 जून, 2025 | अमराईवाड़ी | 4 |
| 6 जून, 2025 | अहमदाबाद | 57 | 21 जून, 2025 | नोखा | 8 |
| 7 जून, 2025 | कांकरोली | 2 | 22 जून, 2025 | जलगाँव | 16 |
| 8 जून, 2025 | पातरां | 2 | 23 जून, 2025 | रायपुर | 2 |
| 9 जून, 2025 | टी. दासरहल्ली | 5 | 24 जून, 2025 | जयपुर शहर | 1 |
| 10 जून, 2025 | साउथ हावड़ा | 7 | 25 जून, 2025 | खारघर नवी मुम्बई | 38 |
| 11 जून, 2025 | उदयपुर | 3 | 26 जून, 2025 | गुवाहाटी | 7 |
| 12 जून, 2025 | पूर्वांचल कोलकाता | 17 | 27 जून, 2025 | बाली बैल्लूर | 2 |
| 12 जून, 2025 | तेजपुर | 4 | 28 जून, 2025 | डूंगरी | 5 |
| 13 जून, 2025 | विजयनगर बंगलूरू | 13 | 29 जून, 2025 | गाँधीधाम | 2 |
| 14 जून, 2025 | माथाभांगा (वेस्ट बंगाल) | 1 | 30 जून, 2025 | बालोतरा | 15 |
| 15 जून, 2025 | वापी | 5 | | | |

पृष्ठ 13 का शेष...

## बालोतरा में मारवाड़ स्तरीय...

इस अवसर पर अभातेमम. उपाध्यक्ष श्रीमती सुमन नाहटा ने अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर रा.का.स. श्रीमती अर्चना भंडारी, श्रीमती विनीता बैंगानी, श्रीमती अलका बैद, श्रीमती नीरू पुगलिया, श्रीमती मनाली चौरड़िया की गरिमामय उपस्थिति रही। बहिनों की जिज्ञासाओं का समाधान राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं महामंत्री द्वारा किया गया। तेमम. बालोतरा की बहिनों के द्वारा संरक्षणम् थीम साँग पर प्रस्तुति दी गई व मारवाड़ी एक्ट की भी प्रस्तुति की गई। रोचक तरीके से महिला मंडल व कन्या मंडल के द्वारा एरोप्लेन एक्ट किया गया। आरवि श्रीश्रीमाल ने एक रोचक मोनो एक्ट की प्रस्तुति दी। अभातेमम. द्वारा तेमम. बालोतरा को सफलतम कार्यक्रम के संयोजन के लिए मोमेंटो के माध्यम से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की संयोजना में रा.का.स. एवं मारवाड़ क्षेत्र प्रभारी श्रीमती मीना ओस्तवाल और श्रीमती रूचिका तातेड़ का विशेष सहयोग मिला। कार्यक्रम का संचालन स्थानीय मंत्री श्रीमती रेखा बालड़ एवं श्रीमती रुचिका तातेड़, श्रीमती संगीता बोथरा ने किया। कार्यशाला में बालोतरा सहित जसोल, टापरा, पचपदरा, सरदारपुरा- जोधपुर, जाटावास- जोधपुर, पाली, फलसुंड, कनाना, समदड़ी, असाड़ा और बाड़मेर आदि 11 क्षेत्रों से लगभग 850 बहिनों की उपस्थिति रही। सभी प्रतिभागी मंडलों को अभातेमम. द्वारा सर्टिफिकेट दिया गया। कार्यक्रम में बालोतरा मंडल की बहिनों का श्रम मुखर रहा।

नारीलोक प्रश्नोत्तरी

# ज्ञान चेतना प्रश्नोत्तरी

## जुलाई, 2025

### सन्दर्भ पुस्तक : भिक्षु विचार दर्शन (पेज संख्या 9 से 33)




### निम्न प्रश्नों के उत्तर दें

1. बौद्ध भिक्षुओं में चैत्यवास जैसी परम्परा का प्रारंभ किसके समय से होता है?
2. जैन परम्परा में चारित्रिक शिथिलता का पहला सूत्रपात आर्य सुहस्ती के समय में होता है। उसका क्या कारण बना?
3. अहिंसा और सत्य- यह सब धर्मों के क्या है?
4. हरिभद्र सूरि ने चैत्यवासियों के शिथिलाचार का वर्णन किसमें किया है?
5. भिक्षु का दिशा-सूचक यंत्र क्या थे?
6. भगवान महावीर किसके प्रतीक थे?
7. 'भौतिक - दान तथा धर्म - दान'। इन दोनों में कौनसा दान श्रेष्ठ है?
8. आचार्य भिक्षु के शब्दों में भगवान महावीर की आज्ञा का सार क्या है?
9. 181 बोल की हुण्डी में वर्तमान साधु-समाज की आचार- शिथिलता का पूरा विवरण किसने प्रस्तुत किया?
10. 'आचारवान से मिलो, अनाचारी से दूर रहो' संगठन को सुदृढ़ बनाने के लिए यह घोष किसने दिया?

### रिक्त स्थान की पूर्ति करें

11. भिक्षु केवल ....................................... ही नहीं थे, व्यवहार-पटुता भी उनकी बेजोड़ थी।
12. श्रद्धा के आलोक में जो सत्य उपलब्ध होता है, वह ...................... या तर्कवाद के आलोक में नहीं होता।
13. आचार्य भिक्षु ने यह सूत्र प्रस्तुत किया- 'अहिंसा के साधन उसके अनुकूल हो तभी उसकी आराधना की जा सकती है, अन्यथा वह .......................... में परिणत हो जाती है।
14. ......................... लौकिक और लोकोत्तर मार्ग को भिन्न-भिन्न मानता है।
15. विक्रम की सोलहवीं सदी में .................................... ने मूर्ति-पूजा के विरुद्ध एक विचार-क्रांति की।
16. अल्प दिवस रे आंतरै, सिख्या सूत्र सिद्धांत। तीव्र बुद्धि ......................................... तणीः सुखदाई शोभन्त॥
17. अहिंसा का अर्थ है- मोक्ष और मोक्ष ............................................. का साक्षात्कार है।
18. जैन परम्परा में अनेक सम्प्रदाय है, पर उनमें ................................ मतभेद बहुत कम है।
19. आत्मानुशासन से चलने वाला संगठन ........................... में कुंठा नहीं लाता।
20. वस्त्र पात्र के विषय में श्वेतांबर और दिगंबर परम्परा में मतभेद है, किंतु ....................................... आहार आदि के विषय में कोई मतभेद नहीं है।

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें : संयोजिका : श्रीमती इन्दिरा लुणिया, कटक
Mob.: 9438368264, E-mail: luniaindira@gmail.com

Google Form submit करने की अन्तिम तिथि : 20 जुलाई, 2025

Google Form Link : https://forms.gle/tzy4m7BKwBzhEmDS7

आर्थिक सहयोग हेतु विशेष आभार श्रीमती मोहिनी देवी-स्व. श्री बालचंद जी, मीताजी, जयसिंह जी चोरड़िया परिवार (बींदासर-मुम्बई)

### जून, 2025 प्रश्नोत्तरी के सही उत्तर

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1. छह | 2. तीन तीन | 3. चार | 4. दसवां | 5. आठवां |
| 6. पंच दिवसीय | 7. 1948 | 8. 49वें | 9. छह वर्ष | 10. 121 |
| 11. स्वाध्याय | 12. लाडनूं | 13. पूर्वोत्तर | 14. प्रबोध | 15. शक्ति |
| 16. समण | 17. बहुश्रुत | 18. स्वोपज्ञ | 19. युगप्रधान | 20. अनथक |

### जून, 2025 प्रश्नोत्तरी के भाग्यशाली विजेता

1. शिल्पा छाजेड़, बालोतरा
2. रेखा लोढ़ा, बंगलूरू
3. सुनीता मेहता, भयंदर
4. स्नेहलता सेठिया, कटिहार
5. विनीता बाफना, चेंबूर
6. सुनीता पटवा, ईस्ट दिल्ली
7. शशि सेठिया, जयपुर शहर
8. वंदना महनोत, काठमांडू
9. नेहा खटेड़, लाडनूं
10. कुसुम जैन, नोएडा

# अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल को प्राप्त अनुदान

## अनुदान सूची एवं प्रेरणा दाता

| | | |
|---|---|---|
| 1. | तेरापंथ महिला मंडल, काठमांडू (भावना सेवा) | 3,51,000 |
| 2. | तेरापंथ महिला मंडल, बालोतरा (भावना सेवा) | 1,51,000 |
| 3. | तेरापंथ महिला मंडल, विराटनगर (भावना सेवा) | 1,00,000 |
| 4. | तेरापंथ महिला मंडल, बीरगंज (भावना सेवा) | 71,000 |
| 5. | श्रीमान गौतमचंद जी, श्रीमान किशोर कुमार जी, श्रीमान पृथ्वीराज जी, श्रीमान रमेश कुमार जी ओस्तवाल (पन्ना ग्रुप), बालोतरा | 51,000 |
| 6. | श्रीमती निर्मला संकलेचा, श्रीमान डूंगरचंद जी, श्रीमान अमित कुमार जी, श्रीमान मोक्ष कुमार जी, श्रीमान सक्षम कुमार जी संकलेचा (असाड़ा वाला ग्रुप) (भावना सेवा) | 31,000 |
| 7. | श्रीमान पवन कुमार जी, श्रीमान प्रवीण कुमार जी, श्रीमान मोहजीत कुमार जी सालेचा, बालोतरा (भावना सेवा) | 11,000 |
| 8. | श्रीमती पुष्पा, श्रीमान हेमंत जी छाजेड़, इंदौर (भावना सेवा) | 11,000 |
| 9. | तेरापंथ महिला मंडल, कटिहार (भावना सेवा) | 11,000 |
| 10. | तेरापंथ महिला मंडल, ढेकियाजुली, असम (भावना सेवा) | 11,000 |
| 11. | तेरापंथ महिला मंडल, भट्टा मधुबनी (भावना सेवा) | 7,100 |
| 12. | श्रीमान आशीष-श्रीमती नेहा बैद के शादी की द्वितीय वर्षगांठ पर श्रीमती सुनीता बैद, विराटनगर द्वारा | 7,100 |
| 13. | श्रीमती अनुसुइया तवरेचा, इंदौर (भावना सेवा) | 7,000 |
| 14. | श्रीमती सुखराज, श्रीमान बिजयसिंह जी सुराणा, इंदौर (भावना सेवा) | 5,100 |
| 15. | श्रीमती लूणी देवी गोलछा, बालोतरा (भावना सेवा) | 5,100 |
| 16. | तेरापंथ महिला मंडल, टी. दासरहल्ली (भावना सेवा) | 5,100 |
| 17. | श्रीमान भंवर लाल जी, श्रीमान देवीचंद जी, श्रीमान भैरूलाल जी, श्रीमान नरेश जी चोपड़ा, बालोतरा (भावना सेवा) | 3,100 |

सभी अनुदानदाताओं के प्रति हार्दिक आभार !


## अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल

पंजीकृत कार्यालय : 'रोहिणी' जैन विश्व भारती, लाडनूं 341 306 (जिला- नागौर, राजस्थान)

श्री नारीलोक



**महामंत्री कार्यालय**

महामंत्री
नीतू ओस्तवाल
5-0-1&2, आर.सी. व्यास कॉलोनी,
सूर्यांश, मदर टैरेसा स्कूल के पास,
भीलवाड़ा-311001 (राज.)
मो.: 9257011205
secretary@abtmm.org

**देखने हेतु**

www.abtmm.org
www.facebook.com/abtmmjain/
https://bit.ly/abtmmyoutube

**कोषाध्यक्ष कार्यालय**

कोषाध्यक्ष
तरुणा बोहरा
203, 204, सांघवी एक्जोटिका,
मराठा कॉलोनी, दहिसर वेस्ट,
मुम्बई-400068
मो.: 8976601717
tarunajain365@gmail.com